**भारत सरकार**
**आयुष मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 448**
**21 जुलाई, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**

**448.** डॉ. **अमोल रामसिंह कोल्हे:**
**डॉ. सुभाष रामराव भामरे:**
**डॉ. निशिकांत दुबे:**
**श्री मनोज तिवारी:**
**श्री कुलदीप राय शर्मा:**
**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:**
**डॉ. डी. एन. वी. सेंथिलकुमार एस.:**

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सम्पूर्ण देश में नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है और मंत्रालय द्वारा किन-किन देशों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए गए थे;

(ख) क्या सरकार के पास सम्पूर्ण देश में, विशेषकर ग्रामीण स्तर पर जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए योग प्रशिक्षकों और आवश्यक अवसंरचना के प्रावधान सहित योग प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान सम्पूर्ण देश में कितने और किन जगहों पर राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिला-वार नए योग प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए गए हैं;

(घ) क्या सरकार का योग को बढ़ावा देने के लिए संबंधित अवसंरचना को सुदृढ़ करके योग प्रशिक्षकों की संख्या बढ़ाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा योग उपचार और पारंपरिक दवाओं में विश्व में अग्रणी बनने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

**<u>उत्तर</u>**
**आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

(क): 21 जून, 2023 को 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) के आयोजन के दौरान देश के सभी राज्यों और जिलों में लोगों ने योग किया। विभिन्न हितधारकों द्वारा दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम मध्य प्रदेश के जबलपुर में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम की अगुवाई माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने की।

आयुष मंत्रालय विभिन्न योग गतिविधियों के लिए विदेशों में भारतीय मिशनों को तकनीकी सहायता प्रदान करता है। आईसीसीआर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुनिया भर के 195 देशों में 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

(ख) से (घ): चूंकि जन-स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए योग केन्द्रों की स्थापना/प्रबंधन और योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति करना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के क्षेत्राधिकार में आता है, अत: आयुष मंत्रालय योग केन्द्रों के संचालन से संबंधित विशिष्ट आंकड़े नहीं रखता है।

तथापि, मंत्रालय देश में योग सहित विभिन्न आयुष पद्धतियों के विकास और संवर्धन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना कार्यान्वित कर रहा है और उन्हें उनकी राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) में प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें एनएएम के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्रस्ताव भेजकर वित्तीय सहायता का लाभ उठा सकते हैं। राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के अंतर्गत, आयुष मंत्रालय

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से 12,500 आयुष स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्र (एचडब्ल्यूसी) संचालित कर रहा है। इन सभी आयुष एचडब्ल्यूसी में जनता को योग सिखाया जा रहा है।

(ङ): आयुष मंत्रालय अपने तीन स्वायत्त निकायों नामत: मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई), नई दिल्ली, केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरवाईएन), नई दिल्ली और राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान (एनआईएन), पुणे के माध्यम से योग को बढ़ावा देता है।

एमडीएनआईवाई योग शिक्षा के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम प्रदान करता है। सीसीआरवाईएन योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों में अनुसंधान और विकास के लिए शीर्ष निकाय है। एनआईएन, जो प्राकृतिक चिकित्सा के लिए एक प्रमुख संस्थान है, प्राकृतिक चिकित्सा और योग से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता है। इसके अलावा, केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरवाईएन), जो आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय, के अंतर्गत झज्जर, हरियाणा और नागमंगला, कर्नाटक में 200 बिस्तरों वाले योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अस्पतालों के साथ दो केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान स्थापित किए गए हैं।

एमडीएनआईवाई, सीसीआरवाईएन और एनआईएन की गतिविधियां और कार्यक्रम क्रमशः yogamdniy.nic.in, www.ccryn.gov.in और ninpune.ayush.gov.in वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल पर, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2014 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। आयुष मंत्रालय हर साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) के आयोजन के लिए नोडल मंत्रालय है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) पर आधारित सामूहिक योग प्रदर्शन पर केंद्रित है जो योग पोर्टल (yoga.ayush.gov.in) पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

दुनिया भर में योग के प्रति उत्साही लोगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए, मंत्रालय ने योग ब्रेक (वाई-ब्रेक) मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया है। यह ऐप विशेष रूप से कार्यस्थल पर व्यक्तियों के लिए डिज़ाइन किया गया है ताकि उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें चुस्त और स्वस्थ रखा जा सके।

आयुष मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने संयुक्त रूप से वर्ष 2019 में एम-योग नामक एक परियोजना शुरू की थी। इसमें 2030 तक सबके लिए स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के तहत 'बी हेल्दी, बी मोबाइल' (बीएचबीएम) की अवधारणा की परिकल्पना की गई है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2021 के अवसर पर 21 जून, 2021 को भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा एम-योग मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया था।

इसके अलावा, आयुष मंत्रालय ने आयुष में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए एक केन्द्रीय क्षेत्र योजना (आईसी स्कीम) विकसित की है जिसके अंतर्गत मंत्रालय, आयुष उत्पादों और सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारतीय आयुष दवा निर्माताओं/आयुष सेवा प्रदाताओं को सहायता प्रदान करता है; आयुष चिकित्सा पद्धति के अंतर्राष्ट्रीय संवर्धन, विकास और मान्यता की सुविधा प्रदान करता है; हितधारकों के साथ बातचीत और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयुष के बाजार विकास को बढ़ावा देता है; विदेशों में आयुष अकादमिक पीठों की स्थापना करके शिक्षाविदों और शोध को प्रोत्साहन देता है तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयुष चिकित्सा पद्धतियों के बारे में जागरूकता व रुचि को बढ़ावा देने और उसे मजबूत बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला/संगोष्ठियों का आयोजन करता है।

इसके अलावा, डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक केंद्र जामनगर, गुजरात, भारत में स्थापित किया गया है।

*****